आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 26.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को ''प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार'' से सम्मानित किया।

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहनाथन नरेंदर को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी से 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल यात्रा का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री वीर बाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि आज वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि कोई भी परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो देश और उसके हितों से बड़ी नहीं हो सकती। श्री मोदी ने कहा कि इतिहास में और वर्तमान में भी युवा ऊर्जा ने भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका अदा की है। प्रधानमंत्री ने

कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 21वीं सदी के जन आंदोलनों तक देश के युवा ने हर क्रांति में योगदान किया है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है।

## राष्ट्रपति बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को ''प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार'' से सम्मानित किया। इन बच्चों को कला–संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के सभी नागरिकों को प्रेरित करेंगी।

## मंडलीय प्रबंधक निलंबित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भीमताल बस दुर्घटना में घायल लोगों का हाल–चाल जाना। उन्होंने जरूरत पड़ने पर गंभीर रूप से घायल लोगों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस हादसे से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशील है और उनकी हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

इस बीच, नैनीताल जिले के भीमताल में कल हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम की कुमाऊं मंडल की मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी को निलंबित कर दिया गया है।

## मुख्य न्यायाधीश शपथ

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून स्थित राजभवन में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहनाथन नरेंदर को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री

पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

न्यायमूर्ति जी. नरेन्दर की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के कोलॉजियम की सिफारिश पर हुई है। कोलॉजियम ने 24 सितंबर को उनके नाम की सिफारिश की थी, जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकार कर अधिसूचना जारी की। न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र वर्ष 1989 में तमिलनाडु बार काउंसिल में वकील के रूप में नामांकित हुए। वर्ष 2015 में वे कर्नाटक हाई कोर्ट में न्यायाधीश बने। अक्टूबर 2023 में उनका स्थानांतरण आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में हुआ।

## मशाल यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल जिले के हल्द्वानी से 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों को लेकर सभी तैयारियां जोर–शोर से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय खेल, प्रदेश को देवभूमि के साथ ही खेलभूमि के रूप में स्थापित करेंगे।

मशाल यात्रा हल्द्वानी से शुरू होकर पैंतीस दिनों में तीन हजार आठ सौ तेईस किलोमीटर का सफर तय करेगी और राज्य के सभी जिलों के निन्यानवे स्थानों की यात्रा करेगी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## खेल मंत्री निरीक्षण

खेल मंत्री रेखा आर्य ने आज चम्पावत जिले के टनकपुर में शारदा नदी के राफ्टिंग स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ना सिर्फ़ राष्ट्रीय खेल, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी अपार संभावनाएं हैं। खेल मंत्री ने पचोरिया, चकरपुर के निर्माणाधीन बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों से हॉल में प्रस्तावित मल्लखंभ खेल प्रतियोगिता के शिविरों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चकरपुर में मल्लखंभ के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। श्रीमती आर्य ने कहा कि चकरपुर जैसे छोटे से क़स्बे में मलखंभ का आयोजन कर राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के इस हिस्से की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## निकाय चुनाव

टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आगामी निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को राजनैतिक दलों की बैठक संबंधी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निकाय चुनाव के दौरान शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला निर्वाचन कन्ट्रोल बनाया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 7 4 5 4 0 2 9 8 7 9 है।

## सार्वजनिक शराबबंदी

रुद्रप्रयाग जिले के ग्राम पंचायत मुन्नादेवल में सार्वजनिक और निजी कार्यों में शराबबंदी की गई है। गांव में शराब पीने और पिलाने वालों का सामाजिक बहिष्कार करने के साथ ही अर्थदंड भी वसूला जाएगा। इस संबंध में गांव के महिला और युवक मंगल दल तथा ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। पूर्व ग्राम प्रधान उर्मिला देवी मैठाणी की अध्यक्षता में आयोजित खुली बैठक में ये निर्णय लिया गया।